अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर देगा औद्योगिक विकास को तेज रफ्तार : नंदी

लखनऊ। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एकेआईसी) यूपी के आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर केवल यूपी ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर और पूर्वी भारत के लिए लाभकारी साबित होगा। प्रदेश सरकार इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए तेजी से भूमि अधिग्रहण कर रही है। सोमवार को नंदी ने बताया कि कि यह कॉरिडोर सात राज्यों के 20 शहरों में फैला होगा। इसमें यूपी के आगरा और प्रयागराज में दो महत्वपूर्ण नोड स्थापित किए जाएंगे। अधिकारियों को इस मेगा प्रोजेक्ट के लिए पर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ब्यूरो